"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 268] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 20 जुलाई 2018 — आषाढ़ 29, शक 1940

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, रायपुर

रायपुर, दिनांक 19 जुलाई 2018

अधिसूचना

क्रमांक 1283/वि. स./स्था./2018 . — छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय (भर्ती तथा सेवा शर्तें) आदेश, 1990 के नियम 18 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय सेवा अधिनियम 1981 के अंतर्गत निर्मित सचिवालय (भर्ती तथा सेवा शर्तें) आदेश, 1990 में निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थात् :-

संशोधन

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय (भर्ती तथा सेवा शर्तें) आदेश, 1990 की कंडिका 3 एवं 4 में उल्लेखित पदों के अतिरिक्त सृजित निम्नलिखित पदों को प्रतिस्थापित किया जाता है तथा प्रतिस्थापना के फलस्वरूप नियम 3 एवं 4 को पुन: क्रमांकित किया जाता है.

3. **अर्हताएं**

कंडिका क्रमांक (1)	पदनाम (2)	अर्हताएं (3)
3 (7)	सत्कार अधिकारी	किसी भी संकाय में प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि, कम्प्यूटर प्रशिक्षित (पीजीडीसीए) एवं अंग्रेजी का पर्याप्त ज्ञान.
3 (25)	सहायक ग्रेड-3 सह अनुवादक	(1) किसी मान्यता प्राप्त मंडल/विश्वविद्यालय से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या (10+2) उत्तीर्ण या स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण .

(1)	(2)	(3)
		(2) किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था से 25 शब्द प्रतिमिनट की गति से हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण. (3) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एन्ट्री की 5000 की (Key) डिप्रेशन घंटा की गति होना चाहिए. (4) छत्तीसगढ़ी भाषा का ज्ञान एवं छत्तीसगढ़ी से हिन्दी एवं हिन्दी से छत्तीसगढ़ी में अनुवाद में दक्ष.

4. **पदो की पूर्ति हेतु प्रणाली**

कंडिका क्रमांक (1)	पदनाम (2)	भर्ती का तरीका/तरीके (3)
4 (9)	अवर सचिव (सत्कार)	सत्कार अधिकारी के पद पर कार्यरत अधिकारी की पदोन्नति द्वारा.
4 (36)	सहायक प्रोग्रामर	कम्प्यूटर आपरेटर की पदोन्नति योग्यता प्रधान वरिष्ठता गौण द्वारा.
4 (57)	सहायक ग्रेड-3 सह अनुवादक	सीधी भर्ती द्वारा एवं विधान सभा सचिवालय में कार्यरत तथा अनुवाद कार्य में दक्ष कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा.
4 (55)	टेलीफोन ऑपरेटर	पदोन्नति द्वारा.

आदेशानुसार

हस्ता./-
(चन्द्र शेखर गंगराड़े)
सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2018.